वाराणसी विकास प्राधिकरण वाराणसी

राजा उदय प्रताप मार्ग पन्ना लाल पार्क वाराणसी-221002

Ph: 0542-2283305/06, Fax: 0542-2283307, E-mail: vdavaranasi@gmail.com, Website:www.vdavns.com

वाराणसी विकास प्राधिकरण से सम्बन्धित दिनांक 17.02.2025 को वाराणसी शहर में प्रकाशित न्यूज पेपर",अमर उजाला, ज्ञानशिखा टाइम्स,"समाचार पत्र कटिंग का विवरण।

अमर उजाला–दि0 17.02.2025

1 दिन में दो होटल, मेडिकल लेबोरेटरी और कॉमर्शियल भवन का नक्शा पास

माई सिटी रिपोर्टर

वाराणसी। वीडीए की ओर से एक ही दिन में दो होटल, एक मेडिकल लेबोरेटरी सेंटर, एक भूमि पर कॉमर्शियल भवन का मानचित्र पास किया। वीडीए उपाध्यक्ष पुलकित गर्ग के अनुसार मानचित्र स्वीकृति की सरलीकृत व्यवस्था से मानचित्र निस्तारण का समय कम हो गया है। इससे लोगों को सहूलियत हो रही है।

गुलशन अरोड़ा की ओर से रामापुरा में 1500 वर्गमीटर पर दो स्टार होटल का मानचित्र पेश किया गया था। इसे 10 दिन से कम समय में पास किया गया है। इस होटल में 30 कमरे, 46 पार्किंग, रेस्टोरेंट, कान्फ्रेंस हाल, मीटिंग हाल होगा।

वीडीए ने मानचित्र स्वीकृति प्रणाली को किया सरल

अशोक कुमार सिंह की ओर से सेहमलपुर अठगावा में होटल मोमेंट्स बजट का मानचित्र पेश किया गया। इसे आठ दिन में स्वीकृत किया गया। इसमें 48 कमरे, 29 पार्किंग, कैफेटेरिया होंगी।

अनिल कुमार राय के आवेदन पर अमरा खैरा में मेडिकल लेबोरेटरी सेंटर का मानचित्र सात दिन में पास किया गया। मेसर्स विराट इंफ्राकान प्राइवेट लिमिटेड की ओर की ओर से हुकुलगंज शिवपुर में कामर्शियल भवन का मानचित्र पेश किया गया। इसे 10 दिन में पास किया गया। यहां पर 21 भूखंड के लिए 12 और 9 मीटर की आंतरिक सड़क होगी।

ज्ञानशिखा टाइम्स–दि0 17.02.2025

वाराणसी विकास प्राधिकरण द्वारा एक ही दिन एक साथ पास किये गये 02 होटल, 01 मेडिकल लैबोरेटरी सेंटर, 01 ले-आउट (भू-विन्यास) मानचित्र

वाराणसी । विकास प्राधिकरण द्वारा 02 होटल, 01 मेडिकल लैबोरेटरी सेंटर तथा 01 ले-आउट (भू-विन्यास) मानचित्र को स्वीकृत किया गया। मानचित्र स्वीकृति की वर्तमान गतिमान सरलिकृत व्यवस्था से मानचित्र निस्तारण समय न्यूनतम हो गया है जिसका सीधा लाभ आम जनमानस को प्राप्त हो रहा है। गुलशन कुमार अरोड़ा पुत्र स्वर्गीय बाबू राम प्लॉट नंबर डी-57/35-1, आराजी नंबर-88, मौजा-रामापुरा, परगना-देहात अमानत, जिला-वाराणसी पर 1500 वर्गमीटर के भूखंड पर 2 स्टार होटल के प्रस्तुत मानचित्र को 10 दिन में कम समयावधि में पास किया गया है। स्वीकृत होटल में 30 कमरे, 46 पार्किंग, रेस्टोरेन्ट, कान्फ्रेंस हाल, मीटिंग हाल का प्रविधान किया गया है।अशोक कुमार सिंह पुत्र सूबेदार सिंह द्वारा पता आराजी नंबर 251,254 मौजा - सेहमलपुर, परगना अठगावा, तहसील पिंडरा, जिला वाराणसी पर 1085 वर्गमीटर के भूखंड पर बजट होटल के प्रस्तुत मानचित्र को 8 दिन में कम समयावधि में पास किया गया है। स्वीकृत होटल में 48 कमरे, 29 पार्किंग, कैफेटेरिया का प्रविधान किया गया है अनिल कुमार राय पुत्र स्वर्गीय हरिवंश राय द्वारा आराजी नंबर-1524, प्लॉट नंबर-4, मौजा-अमारा खैरा चक, परगना-देहात अमानत, तहसील-सदर, वाराणसी पर 632 वर्गमीटर के भूखंड पर मेडिकल लैबोरेटरी सेंटर के प्रस्तुत मानचित्र को 7 दिवस में पास किया गया है।मे. विराट इंफ्राकॉन प्राइवेट लिमिटेड द्वारा एसएम प्लॉट नं. 16/1,18.19,20 एवं 21, मौजा-हुकुलगंज, परगना-शिवपुर, तह. एवं जिला-वाराणसी पर 2938.53 वर्गमीटर के भूखंड पर नवीन भू विन्यास मानचित्र 10 दिन में स्वीकृत किया गया है। इस परियोजना में 21 भूखंड एवं 01 कामर्सियल स्थान की परिकल्पना की गयी है। परियोजना में 12 तथा 09 मीटर की आंतरिक रोड उपलब्ध कराई गयी है।